# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/संस्था/एफ–1/12102/व0अ0/सी.भ./अंग्रेजी/13 दिनांक 14/09/2022

संयुक्त निदेशक,
(स्कूल शिक्षा) बीकानेर सम्भाग,
बीकानेर।

विषयः– राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 विषय अंग्रेजी मुख्य सूची (नॉन–टीएसपी) में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों को संभाग आवंटन एवं नियुक्ति के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 19.12.2014

उपर्युक्त विषयान्तर्गत राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 विषय अंग्रेजी में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा सम्भाग आवंटन किया जाकर पदस्थापन हेतु आपके सुपूर्द किया गया।

उक्त क्रम में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के पत्र क्रमांक एफ 6 (4) 'घ'/व.अ./ग्रेड–II(मा.शि.)/2013–14/85 दिनांक 17.08.2022 द्वारा एस.बी. सिविल याचिका संख्या 6528/2015 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 13.04.2022 की अनुपालना में वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 विषय अंग्रेजी में निम्नांकित अभ्यर्थियों की पात्रता बहाल कर पूर्व में घोषित परिणाम के क्रम में प्राप्तांकों के आधार पर मुख्य मेरिट सूची में प्रतिस्थापित कर, पात्रता स्पष्ट कर पदस्थापन की अभिस्तावना इस कार्यालय को प्राप्त हुई है।

अतः निम्नांकित अभ्यर्थियों का सम्भाग आवंटन किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थियों को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र दिनांक 19.12.2014 एवं समय–समय पर इस कार्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों एवं शर्तो के अध्यधीन काउंसलिंग दिनांक 19/09/22 को आयोजित कर उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी किये जावें तथा कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि 01/10/22 रखी जावें एवं जारी नियुक्ति आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाकर प्रति संस्थापन एफ–अनुभाग की ई–मेल आई.डी. ad.esttf.dse@rajasthan.gov.in पर अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

| विषय | रोल नं. | मेरिट नं. | नाम अभ्यर्थी | जन्मतिथि | स्थाई पता | वर्ग | चयन वर्ग | आवंटित मण्डल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ENGLISH | 688844 | 854-A | VEERPAL KAUR | 11-04-1982 | V.P.O.- 8 SHPD, तहसील–सूरतगढ़, जिला–श्रीगंगानगर (राजस्थान) 335804 | BC,WE | OBCF | बीकानेर |
| ENGLISH | 694673 | 384-A | MONIKA NAIN | 20-05-1988 | V.P.O.- पक्कासारनान् (बालाबास), तहसील–हनुमानगढ़, जिला–हनुमानगढ (राजस्थान) 335512 | BC,WE | GENF | बीकानेर |

अभ्यर्थियों द्वारा अपने कार्यग्रहण के समय उपस्थित होने पर मूल दस्तावेजों से स्वप्रमाणित प्रतिलिपियों से मिलान कर लिया जावें। साथ ही नवीनतम ओ बी सी प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया जावें तथा आप द्वारा जारी किये जाने वाले नियुक्ति आदेश वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 के प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय में दायर विभिन्न याचिकाओं के अध्यधीन रहेंगे।

उक्त अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र लिए जाने हेतु आपके कार्यालय के संस्थापन लिपिक को निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–11 में काउंसलिंग तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाने की व्यवस्था करावें।

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड II (मा.शि) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 विषय अंग्रेजी में चयनित अभ्यर्थियों के सम्भाग आवंटन के आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
3. शाला दर्पण प्रभारी संस्थापन एफ अनुभाग को शाला दर्पण पोर्टल पर मेपिंग सम्बन्धी कार्यवाही हेतु।
4. संबंधित अभ्यर्थी................

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)

Rajasthan Education Department